भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

होली महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ

**जयपुर**, 27 मार्च - 2 अप्रैल, 2024

चैत्र, पक्ष - कृष्ण, तिथि - द्वितीया, संवत 2080 पृष्ठ : 8+4 बुधवार वर्ष-10, अंक-5 मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/- jagrukjanta.net







प्रदेशवासियों को
होली
की हार्दिक
शुभकामनाएँ
CarzPe
A Complite Use Car Loan
Call Us : 9828333666

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

होली महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ

जयपुर, 27 मार्च - 2 अप्रैल, 2024

चैत्र, पक्ष - कृष्ण, तिथि - द्वितीया, संवत 2080 | बुधवार | वर्ष-10, अंक-5 | मूल्य ₹ 5/- | वार्षिक मूल्य : ₹ 250/- | jagrukjanta.net



# बादशाही बरकरार, शहजादा सलामत

यहां धुलण्डी पर लगता है बादशाह दरबार

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जैसलमेर** में होली के त्योहार पर बादशाह दरबार लगाने की परम्परा सालों से आज भी जारी है। शहर के सोनार दुर्ग पर धुलण्डी के दिन फाग गीतों के बीच बादशाही बरकरार, शहजादा सलामत के जयकारे गूंजते हैं। जानकारी के अनुसार सोनार दुर्ग स्थित बिल्ला पाड़ा में बादशाह–शहजादा का दरबार लगता है। यह दरबार बिल्कुल पुराने जमाने में लगने वाले दरबारों की तरह ही होता है। इसमें बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते हैं। यहां के लक्ष्मीनाथ मंदिर पहुंचकर जब बादशाह से पूछा जाता है कि बादशाह क्या फरमाता है तो बादशाह बना व्यक्ति अपनी श्रद्धानुसार राशि या फिर भोजन प्रसादी देने की घोषणा करता है। बादशाह किसी भी घर के व्यक्ति को बना दिया जाता है। जिस घर का सदस्य बादशाह या शहजादा बनता है, उनके यहां बधाइयों का दौर लगा रहता है। इस तरह की होली को देखने सात-समंदर पार से भी सैलानी आते हैं।



श्रीकांत व्यास

## दरबार के पीछे की कहानी

**किसी** बाहरी क्षेत्र से एक व्यास जाति का ब्राह्मण धर्म परिवर्तन के डर से जैसलमेर भाग कर आया था। संयोग से वह दिन होली का अवसर था। जैसलमेर आकर जब उसने पीड़ा बयां कि तो होली पर्व के स्वांग के तौर पर उसे बादशाह बनाकर तख्त पर बिठा दिया। जब ब्राह्मण को खोजने संबंधित क्षेत्र के बादशाह के लोग यहां आए तो उन्होंने सोचा कि ब्राह्मण का धर्म परिवर्तन हो गया है यह सोचकर वे चले गए। जबकि हकीकत में यह होली का स्वांग था। तब से आज तक यहां बादशाही बरकरार, शहजादा सलामत...की परंपरा को हर वर्ष निभाया जाता है।
















## सम्पादकीय

# ये गर्मी कुछ कहती है

धरती के तापमान में वृद्धि ने भारतीय किसानों के लिए नए खतरे उत्पन्न किए हैं। उनके उत्पादन पर असर पड़ रहा है और उन्हें व्यवसाय में सुधार करने की जरुरत है ताकि वे आने वाले समय में भी सुरक्षित रह सकें। बढ़ती गर्मी आम आदमी के लिए एक सामान्य खबर हो सकती है, लेकिन इसको सामान्य दृष्टिकोण से देखना आने वाले बड़े खतरों की तरफ से मुंह मोड़ने जैसा है। वर्ल्ड मीटिअरलॉजिकल ऑर्गनाइजेशन के आंकड़े इस बात के गवाह हैं कि पिछले 10 सालों में धरती का तापमान औसत से ज्यादा ही रहा है। 2024 में तापमान के और ज्यादा बढ़ने की आशंका है।

इसका असर धरती के समूचे मौसम चक्र और कालांतर में मनुष्य के जीवन चक्र पर पड़ेगा और सब कुछ उलट-पलट कर रख देगा। इसके चलते कहीं बेमौसम बारिश और कहीं भयानक गर्मी पड़ने की आशंका है। दुनिया विकास के नाम पर संसाधनों का दोहन करते हुए जिस तरह आगे बढ़ रही है, अंदेशा है कि सन 2050 तक दुनिया का तापमान डेढ़ डिग्री सेल्सियस बढ़ जाएगा। इसके बाद अगले पचास सालों में दुनिया का तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। आंकड़ों से यह पता चलता है कि औद्योगिकीकरण से पहले के काल की तुलना में 2023 में धरती का औसत तापमान 1.45 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है।

सर्वाधिक चिंता की बात यह है कि मौसम खुद को जितनी तेजी से बदल रहा है, हम मनुष्य उतनी तेजी से अपना व्यवहार और बर्ताव नहीं बदल पा रहे। शायद हम मनुष्य इस बात को नहीं समझ पा रहे कि मौसम हमारे द्वारा बनाई गई सीमाओं को नहीं मानता। मौसम का संकेत मौसम की चेतावनी पूरी धरती के लिए, अर्थात इस धरती पर रहने वाले, पलने वाले, फलने-फूलने वाले, हर चल-अचल के लिए है। इसलिए पर्यावरण के बारे में वर्ल्ड लीडरों की भाषणबाजी से ज्यादा प्रत्यक्ष रूप से अपने आचरण में ठोस बदलाव की जरूरत है। इस बात को गंभीरतापूर्वक समझना होगा कि अगर मौसम के बदलने की रफ्तार तेज है तो हमें भी अपने कार्बन उत्सर्जन के मानकों और उद्देश्यों को तेजी से नए सिरे से निर्धारित करना होगा। न सिर्फ कार्बन उत्सर्जन, बल्कि मीथेन और नाइट्रेड ऑक्साइड भी नई चुनौती है। चीन के बाद भारत ही सबसे ज्यादा मीथेन का उत्सर्जन करता है। इसकी बड़ी वजह हमारा पशुधन है। पशुधन को बचाते हुए मीथेन को नियंत्रित करना होगा। विकास और पर्यावरण में संतुलन जैसी बाज़ारवादी संकल्पनाओं को कुछ समय के लिए विराम देना होगा। लेकिन दुर्भाग्य से इस दिशा में मानव समाज की कोई ठोस तैयारी दिखाई नहीं देती। यही वजह है कि इन दिनों धरती को आहत करने वाले चक्रवाती तूफानों की संख्या में कुछ वर्षों से तेजी से इजाफा हुआ है। उत्तराखंड में तबाही के मंजर को कौन याद करना चाहेगा? हर साल कोई न कोई चक्रवाती तूफान धरती के किसी न किसी हिस्से को तहस-नहस कर दे रहा है। आपको याद होगा कि पिछले साल बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान 'मोका' से तकरीबन 17 लाख लोग बेघर हो गए थे। कहने का तात्पर्य यही है कि बढ़ते हुए तापमान का यह खतरा भारत जैसे कृषि प्रधान देश के लिए बाकी दुनिया से ज्यादा है। इसके पहले शिकार हमारे देश के किसान बनने वाले हैं। भारत के किसानों पर और खेती पर इसका असर दिखाई पड़ने लगा है। मौसम बदल रहा है, फसलों का चक्र बदल रहा है, उत्पादन बदल रहा है। हमारे लिए यह ज्यादा चिंता का विषय इसलिए भी है कि भारत में खेती सर्वाधिक रोजगार देने वाला सेक्टर है, क्योंकि कृषि से जुड़े तमाम पूर्ण व्यवसाय भी हैं। हमारा पशुधन, हमारा मत्स्य व्यवसाय, हमारी सागर संपदा सबकुछ दांव पर है।

# एतिहासिक माली समाज की होली गैर में दिखा राजस्थानी संस्कृति वेशभूषा का अनूठा संगम

**सदियों से चली आ रही है परम्परा : 350 पुलिस के जवान और सौ सीसी टीवी कैमरे लगे गैर सुरक्षा में**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**पीपाड़ शहर /जोधपुर।** होली के त्योहार पर भारत में जगह-जगह कई तरह से मनाया जाता है लेकिन पीपाड़ शहर में माली समाज की ओर से निकाली जानी वाली परम्परागत होली की गैर देश की अनूठी गैर है। लोगों ने सदियों से जारी परम्पराओं को न केवल जिन्दा रखा है। बल्कि उन परम्पराओं से शहर को विशिष्ट पहचान भी दिलवाई है। पूरे राजस्थान में यह गैर अपनी तरह की सबसे अलग है। यह परम्परा पीपाड़ शहर में ही निभाई जाती है। माली समाज की ऐतिहासिक यह गैर वर्षों से पुरानी परम्पराओं का निर्वहन करते हुए आपसी भाईचारे व सौहार्द को कायम कि हुई हैं।

चंग की थाप, पैरों में घुंघरु, सिर पर पर साफा, धोती व कमीज, इन सब पर थिरकते पैर और फाल्गुनी गीतों की मस्ती। कुछ ऐसा ही दृश्य था गैर में। गैर सदस्यों ने चंग की थाप पर फाल्गुनी गीतों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। इस दौरान जोरजी चोंपावत घुड़ला बाजारों में खड़िया रे..., हां रे फागण फरवरियो..., होळी आइगी..., सेला बाजारां में कांई..., मेहंदी वाळो खेत..., समेत कई फागत गीतों की प्रस्तुति से समूचा माहौल ही फागणमय हो गया।

धुलण्डी पर मुख्य गैर आथुणी हथाई, खैरादी मोहल्ले से शहीदो के चौक, व्यापारी मौहल्ले से माली समाज भवन पुरानी नगर पालिका रोड़ के रास्ते होते हुए माली मेला सब्जी मण्डी के पास विसर्जित हुई।

माली समाज अध्यक्ष सुखदेव सैनी ने बताया कि इस बार पीपाड़ शहर में माली समाज द्वारा निकाली गई ऐतिहासिक गैर में राजस्थानी लोक सांस्कृतिक एवं कला का अनूठा संगम देखने को मिला हर बार की भांति निकली होली गैर में इस बार विशेष ड्रेस कोड रखा गया था, जिसमें पारंपरिक वेश-भूषा सफेद धोती- कुर्ता के साथ पैरों में घुंघरू, हाथ में कशीदाकारी की हुई पंखी, फुलो से सजी लकड़ी और छाता रहा और जो पुरी गैर आकर्षण का केंद्र रही।



जगह-जगह पीपाड़ शहर के विभिन्न समाज के लोगो द्वारा ठंडे पानी की व्यवस्था भी की गई । और विभिन्न हिंदू संगठनो द्वारा गैर के सुभाष घाट पहुंचने पर जोरदार गुलाब के फूल से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। जिसको लेकर काफी समय से तैयारी की गई थी। इस ऐतिहासिक गैर में पीपाड़ उपखंड अधिकारी दुदाराम हुड्डा, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सुनील चौधरी, बीडीओ नरेंद्र सोऊ, राजस्थान मुख्यमंत्री के विशेषाधिकारी धनराज सोलंकी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महेंद्र सिंह कच्छावाह, माली समाज के पंचगण माली सब्जी मंडी अध्यक्ष जवरीलाल गहलोत, बाबूलाल टाक, ठेकेदार जीवराज मारोटीया, मिंसाराम सांखला, राज ग्रुप के सुरेश कच्छावाह , माली छात्रावास अध्यक्ष सुरेंद्र टाक, रामदीन भलालिया, रघुनाथ टाक, चेतन प्रकाश मारोटिया, चेनाराम, अमराराम गहलोत ,जगदीश टाक, मेहराम गहलोत सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि गण, आथुणी और ऊगुणी हथाई सहित चालीस बेरो के वरिष्ठ पंच गण शामिल हुए।थाना अधिकारी चुन्नीलाल बिश्नोई ने बताया कि गैर के सफल आयोजन के दौरान पुलिस के एडिशनल एस पी भोपाल सिंह लखावत, पुलिस अधीक्षक गोपाराम, के साथ आर एस सी, होमगार्ड, सहित लगभग 350 पुलिस, के जवान इस आयोजन में मौजूद रहे।

## नाबार्ड परियोजना ने बदली तस्वीर

**चित्तौडगढ़ @ जागरूक जनता।** जिले के ग्राम खाखरिया खेड़ी में अरूणोदय सर्वेश्वरी लोक कल्याण समिति द्वारा संचालित नाबार्ड वाड़ी परियोजना से लाभान्वित किसानों की तस्वीर बदलती दिखाई दे रही है जिसमे ग्राम के कालूसिंह धनसिंह भी योजना से लाभान्वित किसान है,योजनान्तर्गत किसानों को खेती संबंधित प्रशिक्षण, उन्नत किस्म के बीज, फलदार पौधे, वर्मी खाद, तारफेन्सिंग तथा योजना की सहायता से प्रतापधन चूजे, वर्मी बेग, दिए गए जिसकी सहायता से किसानो को अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है, जिससे किसानों के आर्थिक पिछड़ेपन को धीरे धीरे समाप्त किया जा रहा है। नाबार्ड द्वारा संचालित वाड़ी परियोजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है।

## श्री राष्ट्रीय परशुराम सेना के नये जिलाध्यक्ष बने किशनलाल शर्मा

**चित्तौडगढ़ @ जागरूक जनता।** श्री राष्ट्रीय परशुराम सेना के नये जिलाध्यक्ष किशनलाल शर्मा को नियुक्त किया गया। बैठक ग्राम खारखन्दा में आयोजित की गयी जिसमें किशनलाल शर्मा को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। किशनलाल शर्मा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज को नयी दिशा व नया नेतृत्व दिया गया है। वे समाज को अच्छी दिशा देने का कार्य करेंगे। बैठक मे जिला प्रभारी जगदीश चन्द्र पारिक के द्वारा नियुक्ति पत्र जिलाध्यक्ष किशनलाल शर्मा को सौंपा गया। बैठक में सभी श्री राष्ट्रीय परशुराम सेना के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं ग्रामीणजनों एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष नितेश कुमार शर्मा, दिनेशचन्द्र शर्मा, कमलेश, लक्ष्यराज, रतनलाल शर्मा, हेमेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में यह बैठक आयोजित कर नवीन जिलाध्यक्ष की नियुक्ति पर माल्यापर्ण व उपरना ओढाते हुए बधाई व शुभकामनाए।

# ग्रीष्म ऋतु में उपभोक्ताओं की पेयजल समस्या का तत्काल हो समाधान-शर्मा



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने कहा कि प्रदेश में ग्रीष्म ऋतु के दौरान उपभोक्ताओं की पेयजल की समस्या का तत्काल समाधान करने के लिए राज्य एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए साथ ही ग्रीष्म ऋतु में स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए नियमित रूप से मॉनिटरिंग किया जाना सुनिश्चित करें। जल की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए एवं जल जनित बीमारियों के लिए चिकित्सा विभाग से समन्वय किया जाए। शासन सचिव मंगलवार को शासन सचिवालय में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत 70% से अधिक वाली ग्राम पंचायत में 100% उपलब्धि प्राप्त करने के लिए विशेष प्रयास किए जाए। अगर इसमें किसी भी तरह की व्यवहारिक कठिनाई आती है तो इसका समुचित कार्यवाही करते हुए निराकरण किया जाए। ग्रीष्म ऋतु में संवर्धन कार्य तथा विभाग की कार्य कुशलता में आवश्यक सुधार किया जाना सुनिश्चित कराएं।

### जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत किया जा रहे कार्य हो गुणवत्तापूर्ण

शासन सचिव ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जो कार्य किए जा रहे हैं उनकी गुणवत्ता की जांच हेतु नियमित रूप से पर्यवेक्षण एवं निगरानी सुनिश्चित की जाए, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को मैनपॉवर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेट प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट, डिस्टिक प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग यूनिट, थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एवं इंप्लीमेंटेशन सपोर्ट एजेंसी के माध्यम से नियुक्त कार्मिकों का समुचित उपयोग करने के निर्देश दिए।

### संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों करें निस्तारण

शासन सचिव ने कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का शीघ्र ही निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करावे इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि एमनेस्टी स्कीम के तहत उपभोक्ताओं को लाभ दिया जा रहा है या नहीं इसके बारे में जानकारी ली जाए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित हेड पंप एवं आर.ओ के बारे में संबंधित अधिकारी से जानकारी लेकर कहा कि वर्तमान में कितने खराब हैं एवं कितने क्रियाशील है इसकी आगामी बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

### कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए

शासन सचिव ने कहा कि विगत दिनों उदयपुर जिले के झाड़ोल उपखंड में प्रशासनिक अधिकारी द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यालय का निरीक्षण किया जहां पर एक भी कार्मिक उपस्थित नहीं पाया गया जिस पर शासन सचिव ने संबंधित अधीक्षण अभियंता अधिशाषी अभियंता एवं सहायक अभियंता को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अनुपयोगी जल स्रोत हैं उनका पुनरुद्धार कर ग्रीष्म ऋतु में उपयोग करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। बैठक में जल जीवन मिशन के एमडी बचनेश अग्रवाल, संयुक्त शासन सचिव (प्रथम) प्रवीण लेखरा, सहित विभाग के मुख्य अभियंता अतिरिक्त मुख्य अभियंता उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन का आज अंतिम दिन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** तीन दिनों के राजकीय अवकाश के बाद एक बार फिर लोकसभा चुनाव-2024 के तहत जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र में नाम निर्देशन पत्र जमा करने का सिलसिला शुरू हुआ। मंगलवार को जयपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कुल 8 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन किये। योगेश कुमार शर्मा, राजीव रोलीवाल, डॉ. असीम वर्मा एवं हरिनारायण मीणा ने बतौर निर्दलीय प्रत्याशी अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं, कुलदीप सिंह ने सोशलिस्ट यूनिटी ऑफ इंडिया (कम्यूनिस्ट), त्रिलोक तिवारी ने राष्ट्रीय समता विकास पार्टी, अभय दास जांगिड़ ने भारतीय आमजन पार्टी (विवेकानंद), एवं राम गोपाल शर्मा ने राजस्थान राज पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया। इस प्रकार अबतक जयपुर निर्वाचन क्षेत्र में 10 प्रत्याशियों ने कुल 11 नामांकन दाखिल किये हैं। वहीं, जयपुर ग्रामीण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मंगलवार को प्रकाश कुमार शर्मा, नेहा सिंह गुर्जर ने बतौर निर्दलीय एवं जितेन्द्र कुमार योगी ने बतौर राष्ट्रीय सवर्ण दल के प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया। इस प्रकार विगत 3 दिवस दिवसों में जयपुर ग्रामीण लोस निर्वाचन क्षेत्र में 5 प्रत्याशियों ने कुल 5 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किये हैं।

# कांग्रेस ने हमेशा वोट की राजनीति कर केवल चुनाव जीतने का किया काम

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**सीकर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश और देश में वर्ष 2014 से पहले की स्थिति का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर केवल वोट की राजनीति कर चुनाव जीतने का काम करने का आरोप लगाया और विश्वास दिलाते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की केन्द्र एवं राज्य सरकार मिलकर किसान, गरीब सहित सभी लोगों के हित में काम करेगी।

शर्मा मंगलवार को यहां लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुमेधानंद सरस्वती के नामांकन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के पहले का भारत, सीकर एवं राजस्थान की स्थिति को ध्यान में करना चाहिए कि उस दौरान तुष्टिकरण की राजनीति और आये दिन एक से बढ़कर एक घोटाले होते थे। देश की सुरक्षा का जिक्र करते हुए कहा कि उस दौरान कही भी आतंकवादी हमला हो जाता था और उस समय के प्रधानमंत्री दुखद घटना हुई है,केवल यह कहते हुए अपना पीछा छुड़ा लेते थे।

उन्होंने कहा कि लेकिन जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार आई हैं तब से किसान, गरीब सहित हर वर्ग के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर लोगों के हित में बढ़चढ़कर काम करेगी। उन्होंने अपनी राजस्थान सरकार का जिक्र करते हुए पानी के लिए हरियाणा सरकार के साथ यमुना जल को लेकर समझौता सहित अन्य कामों के बारे में बताते हुए कहा कि अभी तो सरकार को आये केवल सौ दिन ही हुए हैं आगे देखते रहिए जनहित में क्या क्या काम किए जायेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार हमेशा किसानों के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि जाटो को आरक्षण देने का काम भी सीकर की धरती से किया गया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने वोट लेने के अलावा कुछ नहीं किया और किसानों के बारे में कुछ नहीं सोचा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भैरोंसिंह शेखावत ने सबसे पहले राजस्थान को यमुना के पानी के लिए समझौता करने के बारे में हरियाणा सरकार को पत्र लिखा जबकि कांग्रेस ने पानी के लिए हरियाणा सरकार को एक भी पत्र नहीं लिखा।

शर्मा ने कहा कि उनकी भाजपा सरकार बनने के बाद गत 17 फरवरी को यमुना के पानी के लिए समझौता किया गया और जनता को राहत देने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनता की समस्या पर पूरा ध्यान देने का काम करती है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा थोथी घोषणा करने का काम किया और छोटे-छोटे वादे भी पूरे नहीं किये गए और इन पर आज तक कोई काम नहीं हुआ है। उन्होंने विश्वास दिलाते कहा कि जनता के बीच में कही गई हर बात को पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि काम करने की दृढ़ ईच्छा शक्ति होनी चाहिए और भाजपा सरकार में इसकी कोई कमी नहीं हैं और वह जनता के हित में कदम उठाने में कभी पीछे नहीं रहेगी।

उन्होंने कहा कि पहले दृढ़ इच्छा शक्ति नहीं थी जबकि एसओजी तो पहले भी थी। लेकिन अब काम किया जा रहा है और पेपर लीक आदि मामलों में बड़ा से बड़ा कोई भी आरोपी क्यों नहीं हो वह बच नहीं सकेगा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने लगातार यमुना का पानी लाने का भरोसा देकर किसानों का ठगने का काम किया और चुनाव जीता हैं लेकिन अब हम एक एक वादे को पूरा करने का काम करेंगे।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आगामी लोकसभा चुनाव को देश के अस्तित्व का चुनाव बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है और अब आने वाले समय में देश दुनियां में तीसरी सबसे मजबूत अर्थ व्यवस्था भी बनेगा। इससे पहले मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री की मौजूदगी में स्वामी सुमेधानंद ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।



## धूमधाम से मनाया होली महोत्सव

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**अलवर।** वार्ड नंबर 53 के नगर निगम के पार्षद नरेन्द्र शर्मा के निवास पर होली बड़ी धूमधाम से मनाया गया इसमें शिवाजी मंडल अध्यक्ष हरीश अरोड़ा जी पार्षद रामावतार शर्मा जी और आदि गौड़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंकज शर्मा जी और पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश जी कोषाध्यक्ष कपूरचंद शर्मा जी युवा मोर्चा शिवाजी मंडल महामंत्री खेमेन्द्र बेनीवाल, अजय शर्मा जी उपाध्यक्ष गौरव गोयल, मीडिया प्रभारी भूपेंद्र शर्मा, मंडल सदस्य संदीप कुमार, रोहतास शर्मा, नरेश प्रजापत, भारत प्रजापत, आदि शामिल हुए।

## हिन्दु मुस्लिम एकता का प्रतीक चित्तौड की सबसे पुरानी होली

**चित्तौडगढ़ @ जागरूक जनता।** शहर के शोरगरों के नीम पर चितौडगढ की सबसे पुरानी होली का दहन किया गया। गौरतलब है कि यह होली चितौड दुर्ग के रियासत काल के समय से चली आ रही है। जिसमें होली से एक माह पूर्व पूर्णिमा पर डण्डा रोपण की परम्परा आज तक चली आ रही हैं। इसी के साथ क्षेत्र मे आस-पास रहने वाले हिन्दु मुस्लिम सभी त्यौहार को बडे धूमधाम से मनाते हैं। होली की इसी परम्परा मे क्षेत्र के सभी घरो से होली के लिए चन्दा एकत्रित किया जाता हैं और एकत्रित रूपयो से होली का प्रसाद सभी क्षेत्र के निवासियों को वितरित किया जाता हैं। होलिका दहन के समय इस परम्परा को निभा रहे क्षेत्र के वरिष्ठ बुर्जुग माधवसिंह मीणा का क्षेत्रवासियो ने उपरना ओढा कर सम्मान किया। उपरना ओढाने मे दशनाम गोस्वामी समाज के शहर अध्यक्ष यशवन्तपुरी गोस्वामी, प्रकाश पुरी गोस्वामी, हाजी लियाकत अली शोरगर, मोहम्मद शोरगर, अल्लाउदीन शोरगर, अहमदनूर, मुश्ताकअली शोरगर, मुरादखान पठान, मुबारिक शोरगर, हाजी लतीफ शोरगर, कैलाशपुरी, उदयसिंह चौहान, पुष्पराज पुरी, ओमजी लौहार, आनन्दपुरी, प्रसुन शर्मा, ललित लौहार, तारणपुरी, अल्पेश पुरी, अभिनन्दनपुरी, अशोक मीणा आदि क्षेत्रवासी मौजूद थे। कार्यर् म आयोजन नवयुवक मण्डल द्वारा किया गया जिसमें मोहितपुरी गोस्वामी, अमित मीणा, अंकितपुरी, रविपुरी, विशालपुरी, दारासिंह, हेमन्तपुरी, निशान्तपुरी, प्रकाश सोनी, सुरजसिंह चुण्डावत, सोनू लौहार, प्रेमसिंह आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हार के बावजूद जाटव पर आलाकमान ने जताया विश्वास

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कांग्रेस ने राजस्थान की 25 में से 22 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने नागौर सीट आरएलपी के लिए छोड़ी है, जबकि सीकर सीट से वाम पार्टी के अमराराम मैदान में हैं। वहीं, पार्टी ने करौली-धौलपुर सीट से पार्टी ने पिछली अशोक गहलोत सरकार में मंत्री रहे भजनलाल जाटव को मैदान में उतारा है। उल्लेखनीय है कि 2023 के विधानसभा चुनाव में जाटव को हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद, पार्टी ने उनपर फिर से भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है। जाटव को अशोक गहलोत का करीबी माना जाता है। पूर्वी राजस्थान में प्रमुख दलित नेता के रूप में जाटव की पहचान है। जातीय समीकरण को इसी के चलते पार्टी ने उनपर दांव खेला है। भले ही उन्हें टिकट मिल गया हो, लेकिन कांग्रेस में अंदर खाने उनके नाम को लेकर विरोध शुरू हो गया है।

### एससी-एसटी की निर्णायक भूमिका

जानकारों का कहना है कि भजनलाल को टिकट देने की मुख्य वजह यह है कि यह सीट मूल रूप से जाटव-बैरवा बाहुल्य सीट है। 21 फीसदी एससी और 17 फीसदी एसटी आबादी इस सीट पर निर्णायक भूमिका निभाती है। हालांकि, पिछले दो आम चुनावों में प्रदेश की सभी 25 सीटें भाजपा के खाते गईं थीं। लंबे समय तक कांग्रेस को जाटव-बैरवा वोट करते रहे हैं। अब इस वोट बैंक को वापस अपने पाले में लाने के लिए पार्टी ने भजनलाल जाटव को मैदान में उतारा है।

### कभी पायटल के करीबी हुआ करते थे भजनलाल

**2018** से 2023 तक जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, इस दौरान कुर्सी को लेकर अशोक गहलोत और सचिन पायलट में खींचतान चल रही थी, तब भजनलाल ने पायलट का साथ दिया था। हालांकि, बाद में वह गहलोत कैंप में शामिल हो गए। जाटव को विधायक बनाने में पायलट ने खासी मेहनत की थी, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने पाला बदल लिया। जाटव को टिकट मिलने से कांग्रेस के कई नेता और कार्यकर्ता खुश नहीं हैं। उनके नाम को लेकर विरोध शुरू हो गया है।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 27/03/2024**

**सूर्योदय :** 06:26 **सूर्यास्त :** 18:37 **चन्द्रोदयः** 20:35 **चन्द्रास्त :** 07:20 **शक सम्वत :** 1945 सोभाकृतु **अमान्ता महीना :** फाल्गुन **पूर्णिमांत :** चैत्र **सूर्य राशि :** मीन **चन्द्र राशि :** तुला **पक्ष :** कृष्ण **तिथि :** द्वितिया, 17:05 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1945 शोभकृत **चन्द्रमास चैत्र :** पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत :** 2081 पिङ्गल **फाल्गुन :** अमान्त **गुजराती सम्वत :** 2080 राक्षस

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** चित्रा, 16:08 तक
**योग :** व्याघात, 22:47 तक
**प्रथम करण :** गारा, 17:05 तक
**द्वितिय करण :** वणिजा, 30:05 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:43 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 05:07 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:30 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 06:35 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 06:36 पी एम से |
| अमृत काल | 09:08 ए एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:03 ए एम, मार्च 28 से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : मंगल
चन्द्रवास : पश्चिम

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 06:25 - 07:57 | उद्वेग : 18:37 - 20:05 |
| अमृत | : 07:57 - 09:28 | शुभ : 20:05 - 21:34 |
| काल काल वेला | : 09:28 - 11:00 | अमृत : 21:34 - 23:02 |
| शुभ | : 11:00 - 12:31 | चर : 23:02 - 00:30 |
| रोग वार वेला | : 12:31 - 14:02 | रोग : 00:30 - 01:59 |
| उद्वेग | : 14:02 - 15:34 | काल : 01:59 - 03:27 |
| चर | : 15:34 - 17:05 | लाभ : 03:27 - 04:56 |
| लाभ | : 17:05 - 18:37 | उद्वेग : 04:56 - 06:24 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज द्वितीया

### आज कौन सा कार्य करें

द्वितीया को राज संबंधी कार्य (सरकारी कार्य), व्रतबंध, प्रतिष्ठा, विवाह, यात्रा, भूषणादि के लिए शुभ होते हैं।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

चैत्र, कृष्ण, द्वितीया, 2080 बुधवार, 27 मार्च - 2 अप्रैल, 2024

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। लम्बित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की सम्भावना है। व्यवसाय में सहयोगी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
व्यापार में जिम्मेदारियाँ बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशन्सा होगी। मित्रों का सहयोग लेना हितकारी होगा। जो लोग आपके विरुद्ध थे, वे अचानक आपके पक्ष में आ सकते हैं।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
विदेश में कार्यरत लोगों को सम्मान मिल सकता है। व्यवसाय में रुके हुये कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब में बदलाव करने का विचार बनायेंगे। प्रेम सम्बन्धों में कुछ प्रतिकूलता रहेगी।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

# दवा अनुपलब्धता पर 22 चिकित्सा संस्थानों के प्रभारियों को नोटिस

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने लगातार निरीक्षण के बावजूद राजकीय चिकित्सा संस्थानों में दवाओं की अनुपलब्धता होने पर प्रदेश के 22 चिकित्सा संस्थानों के प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर, अतिरिक्त जिला कलक्टर, उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा चिकित्सा संस्थानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। राजकीय अस्पतालों में आवश्यक दवा सूची के तहत दवाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता रखने हेतु समय-समय पर निर्देश दिए गए हैं, लेकिन निरीक्षण के दौरान चौथी विजिट के बाद भी 22 चिकित्सा संस्थानों में कुछ दवाओं की अनुपलब्धता पाई गई। विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए इन चिकित्सा संस्थानों के प्रभारी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।

निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि अजमेर, बारां, ब्यावर, भरतपुर, भीलवाड़ा, गंगापुर सिटी, जयपुर, जालोर, जोधपुर, केकड़ी, कोटा, राजसमंद, सांचोर एवं सीकर के एक-एक चिकित्सा संस्थान तथा बाड़मेर, बीकानेर, पाली एवं सिरोही के दो-दो चिकित्सा संस्थानों में कुछ दवाओं की अनुपलब्धता पाई गई। इन संस्थानों के प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 22 मार्च तक चिकित्सा संस्थानों के 9 हजार 450 से अधिक निरीक्षण किए गए हैं। निरीक्षण के उपरांत मानव संसाधन, चिकित्सा संस्थानों के भवन एवं परिसर की स्थिति, लेबर रूम एवं वार्ड्स की स्थिति, साफ-सफाई, दवा एवं उपचार की स्थितियों में काफी सुधार हुआ है। जिन चिकित्सा संस्थानों में अपेक्षा अनुरूप सुधार नहीं हुआ है। वहां चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग संबंधित अधिकारियों पर आवश्यक कार्रवाई कर रहा है।



# विराज फाउंडेशन पदाधिकारियों ने मनाया होली महोत्सव



» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**आंधी-रामतलाई।** विराज फाउंडेशन के द्वारा परशुराम भवन मानस परिवार रामतलाई, आंधी में परम पूज्य संत श्री श्री 108 श्री गिरधारी दास महाराज के सानिध्य में होली महोत्सव मनाया गया। जिसमें चंग बजाकर एवं होली के लोकगीत गाकर फूलों से होली खेली इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने बताया कि होली का पर्व लोगों के लिए नई उमंग एवं भरपूर उत्साह लेकर आता है इसमें हर व्यक्ति समरसता एवं भाईचारे का संदेश देते हुए होली पर गुलाल लगाकर होली का पर्व मनाता है। इस दौरान कार्यक्रम में साध्वी डॉ अनीता योगेश्वरी, प्रदेश संरक्षक गोपाल शर्मा, प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, प्रदेश प्रचार प्रसार चंद्र प्रकाश शर्मा, सैनिक प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन श्रीराम शर्मा, प्रदेश मंत्री ओम प्रकाश रीडर, नगेंद्र वशिष्ठ, काशीनाथ दीक्षित, मोहन नामदेव, एस डी मिश्रा, एडवोकेट हेमेंद्र शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

**लोकसभा आम चुनाव-2024 :** फेक न्यूज एवं हेट स्पीच मॉनिटरिंग हेतु निर्वाचन विभाग का 360 डिग्री प्रयास

# फेक न्यूज पर लगाम के लिए निर्वाचन विभाग का क्विक रेस्पॉन्स मैनेजमेंट

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राज्य में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए फेक न्यूज एवं हेट स्पीच मॉनिटरिंग हेतु निर्वाचन विभाग द्वारा 360 डिग्री प्रयास किए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर ईवीएम, कानून-व्यवस्था, मतदाता सूची एवं मतदान सहित चुनाव प्रक्रिया और मतदाताओं को प्रभावित करने संबंधी सूचनाओं पर निर्वाचन विभाग की पैनी नजर है। इन सूचनाओं पर निगाह रखने के लिए राज्य और जिला स्तर एवं पुलिस विभाग में गठित कमेटियां लगातार निगाह रख रही है। इन समितियों के नोडल अधिकारी के रूप में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के अधिकारी सोशल मीडिया गतिविधियों की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

### राज्य स्तरीय समिति

**गुप्ता** ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देशों के अनुसार, सोशल मीडिया पर फेक न्यूज, गलत और भ्रामक सूचनाओं पर लगाम के लिए राज्य निर्वाचन विभाग ने क्विक रेस्पॉन्स मैनेजमेंट प्लान बनाया है। इसके तहत भ्रामक सूचनाओं को भारत निर्वाचन आयोग तक पहुंचाने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में तीन सदस्यीय कमेटी कार्य कर रही है। ये कमटी प्रदेश स्तर पर निर्वाचन से संबंधी सूचनाओं पर निगाह रखती है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की सोशल मीडिया एवं फैक्ट चैक टीम के सहयोग से 24 घंटे सोशल मीडिया, न्यूज चैनल्स, समाचार पत्र, एफएम एवं अन्य स्त्रोतों पर प्रसारित एवं प्रकाशित सूचनाओं को जांचा जाता है एवं आवश्यकतानुसार कार्रवाई की जाती है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राज्य स्तर पर निगरानी रख रही इन टीमों को सोशल मीडिया पर कोई भी संदिग्ध सूचना मिलती है, तो उसका फैक्ट चैक संबंधित जिलों से करवाया जाता है। यदि यह सूचना गलत और भ्रामक पाई जाती है, तो 3-4 घंटे में इसे हटवाने या अग्रिम कार्रवाई हेतु भारत निर्वाचन आयोग को क्लिकेबल लिंक के साथ भिजवाई जाती है। इस प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और त्वरित बनाने के लिए राज्य का एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है। इस ग्रुप में जिला और राज्य स्तर पर फेक्ट चेक के लिए गठित कमेटियों के नोडल अधिकारी और उनकी टीम के सदस्य शामिल हैं जो इस तरह के समाचारों पर त्वरित कार्यवाही करती है।

# अखिल भारतीय जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप का होली मिलन समारोह सम्पन्न

**चित्तौडगढ़ @ जागरूक जनता।** अखिल भारतीय जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप का रेखा गिलूंडिया की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। सचिव संदीप अनिता भड़कतिया ने बताया कि होली उत्सव में नेतावल गांव में जाकर वहाँ के छोटे बच्चों के साथ होली खेल कर उन्हें अल्पाहार दिया गया। इसके पश्चात् फेडरेशन सदस्यों की पूल पार्टी आयोजित हुई जिसमें फेडरेशन के सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे। वरिष्ठ अध्यक्ष सुनील वनिता लोढा ने बताया कि फेडरेशन का उद्देश्य है कि सामाजिक एकता को बढ़ाना और इसी को ध्यान में रखते हुए इस तरह के कार्यर्‍ म का आयोजन किया गया। कार्यर्‍ म में कमल चंडालिया, नरेंद्र पोखरना, अरविंद सांखला, आशीष कुदाल ने भी सहयोग किया। कार्यर्‍ म में फेडरेशन चेयरपर्सन आशा, लीना, ज्योति, अनिता, सुशील, सुरेखा, दिनेश रुचिका, अशोक, दिव्या, राजीव, रितु, अखिल, हेमा, लोकेश, मंजू, रजनीश, डिंपल, विकास, मोनिका, रत्नेश, सोनिया, लोकेश आदि उपस्थित रहे।

**फागोत्सव का जमकर लिया आनंद :** अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय एवं हेल्प फाउण्डेशन संस्था के तत्वाधान में चित्तौड़गढ़ इकाई द्वारा उत्साह के साथ फागोत्सव मनाया गया। फाउण्डेशन की महिला अध्यक्ष नेहा झुनझुनवाला के अनुसार, इस अवसर पर जमकर फूलों की होली खेली गई।

# धूमधाम से मनाया नाहर सिंह बाबा के फागोत्सव

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** मुरलीपुरा नाहर सिंह भोमिया जी के मन्दिर प्रांगण मे नामदेव महिला मण्डल ने फागोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया। वार्ड की पार्षद दीपमाला शर्मा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा, पूर्व मण्डल महामंत्री मोहन नामदेव के साथ नगेन्द्र वशिष्ठ, शिवदयाल मिश्रा, कमलेश सुधा, अंजलि, दीक्षा के साथ छेत्र के वरिष्ठ जनों का सक्रिय योगदान रहा। विवेक नामदेव ने बताया की कार्यक्रम मे पुष्प, गुलाल से ढ़ोल मंजीरो के मधुर गीतों पर होली खेलकर फागोत्सव का आनंद लिया। आरती कर सब ने ठंडाई के साथ प्रसाद वितरण किया।

# फागोत्सव एवं होली स्नेह-मिलन समारोह संपन्न

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** राजस्थान वैश्य वार्ष्णेय सभा, जयपुर के तत्वावधान एवं श्री वार्ष्णेय महिला जागृति मंडल, जयपुर के सह-आयोजन में संगीतमय फागोत्सव एवं भव्य होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन सभा भवन पर किया गया। सभा के महामंत्री राजेश गुप्ता ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में फूलों की होली एवं महिला मंडल द्वारा प्रस्तुत राम दरबार, राधा-कृष्ण, कृष्ण-सुदामा की झांकियाँ कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रहीं। समारोह की अध्यक्षता विश्वम्भर दयाल गुप्ता ने की। सभा के संरक्षक योगेश वार्ष्णेय एवं अन्य पदाधिकारी शरद गुप्ता, पंकज वार्ष्णेय, कपिल गुप्ता सहित समस्त कार्यकारिणी भी उपस्थित रही। ढप-चंग कलाकारों द्वारा रंगारंग रास एवं फाग मंडली द्वारा प्रस्तुत होली के रसिया एवं श्याम भजन पर समाज बंधु झूम उठे। वार्ष्णेय सभा के सभी गणमान्य सदस्यों का गुलाल एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। समारोह में वार्ष्णेय महिला जागृति मंडल, जयपुर की संरक्षक गिरिजा वार्ष्णेय एवं पदाधिकारी ममता गुप्ता, मनीषा गुप्ता, अंशु गुप्ता, माधुरी वार्ष्णेय, सीमा गुप्ता, पूनम गुप्ता, भारती गुप्ता सहित काफी संख्या में गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में दिनेश गुप्ता (टेंट), अजय कुमार गुप्ता, शिवेंद्र वार्ष्णेय, नवीन गुप्ता, सुनील गुप्ता, पंकज वार्ष्णेय का भी पूरा सहयोग रहा। होली मिलन एवं फागोत्सव कार्यक्रम करीब दोपहर 2 बजे शुरू हुआ एवं देर रात तक चला। पांच घंटे से भी ज्यादा चले इस कार्यक्रम में सदस्यों ने फागुन के गीतों पर जमकर धमाल मचाया व फूलों की होली खेली। रात्रि भोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सेक्टर 14 कावेरी पथ में होलिका दहन उत्सव मनाया गया

**जयपुर @ जागरूक जनता।** होलिका दहन उत्सव और भजन संध्या का आयोजन शिव शक्ति पार्क सेक्टर 14 कावेरी पथ पर किया गया। शिव शक्ति समिति के मेंबर पंकज शर्मा ने बताया की होलिका दहन उत्सव क़रीब 30 वर्षों से लगातार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ बनाया जा रहा हे सेक्टर 14 के निवासियो ने हर वर्ष की तरह पूजा के साथ भजन संध्या का भी आनंद लिया और होलिका दहन के बाद सब को भगवान का भोग वितरित किया गया। कार्यक्रम मे आशीष शर्मा, कमल शर्मा और पियूष शर्मा की सक्रिय भूमिका रही।



## राज्यपाल मिश्र से अभिनेता सुरेंद्रपाल सिंह ने की मुलाकात

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्यपाल कलराज मिश्र से सोमवार को राजभवन में महाभारत धारावाहिक में द्रोणाचार्य की भूमिका निभाने वाले अभिनेता सुरेंद्रपाल सिंह ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

# बेटी ने उत्साह से किया ऑफिस कार्य

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** निदेशालय नागरिक सुरक्षा कार्यालय में -बेटी @ वर्क अभियान के तहत कार्यालय कर्मी की भतीजी (कु.यानु) को उप निदेशक, नागरिक सुरक्षा के रूप मे राजकीय कार्य के प्रति उत्साह दिखाए जाने हेतु प्रेरित किया। नागरिक सुरक्षा के sso इंद्रमल, अशोक मीना, जयपाल शर्मा, शिवराज वैष्णव एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे। कु. यानु ने राजकार्य मे रुचि दिखाते हुए समस्त स्टाफ से वार्ता की गई। नागरिक सुरक्षा विभाग के समस्त स्टाफ और कर्मचारियों ने पूर्ण सहयोग कर उनके साथ कार्य किया, साथ ही बेटी को कार्यालय पद्धति के बारे में समझाया गया। इस कार्य प्रणाली के बाद बिटियां प्रसन्न दिखी।

# उल्लास से मनाया होली स्नेह मिलन समारोह



**जयपुर @ जागरूक जनता।** नीमकाथाना जिले के छावनी निवासी पवन सोमावत ने होली स्नेह मिलन समारोह में झाबर सिंह खर्रा, मंत्री, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन से मुलाकत कर उनको माला पहनाकर स्वागत किया व राजस्थान सरकार में मंत्री बनाये जाने पर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विरांगना कविता सामोता, प्रदेश सहसंयोजक, सैनिक प्रकोष्ठ भाजपा राजस्थान, श्रीराम शर्मा, नरेश सैनी, सहित अन्य कार्यकर्श्रा मौजूद रहें। सोमावत अखिल भारतीय राजस्थान सहायक कर्मचारी महासंघ, उपषाखा राजकीय कांवटिया अस्पताल, जयपुर के वरिष्ठ सलाहकार नियुक्त है।

# आईएसआईएम में छठे इंटरनेशनल रामायण अधिवेशन के अंतिम दिन 65 शोधपत्र प्रस्तुत

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net




**जयपुर।** आईएसआईएम कैंपस में चल रहे रामायण एंड मॉडर्न मैनेजमेंट थीम पर आधारित तीन दिवसीय छठे इंटरनेशनल रामायण अधिवेशन के समापन पर दो तकनीकी सत्र हुए। इनमें राम के जन्म का रहस्य, केवट्स एक्सीलेंस इन सर्विस मार्केटिंग, क्राइसिस मैनेजमेंट एण्ड रजीलिएन्स, धार्मिक बिजनेस मैनेजमेंट और स्कूल स्टूडेंट्स के लिए रामायण व एनईपी-2020 पर आधारित वैल्यू एजुकेशन करिकुलम कॉन्सेप्ट जैसे पहलुओं पर शिक्षाविदों ने विचार साझा किए। अधिवेशन में लगभग 65 शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। शोधपत्रों के संकलन की ई-बुक का विमोचन भी किया गया। आईएसआईएम, श्री रामचरित भवन एवं एम्स इंटरनेशनल की ओर से हुए इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य भारतीय लोकाचार पर आधारित भारतीय प्रबंधन के विचार से भारतीय संगठनों को प्रभावी बनाने व विश्वस्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने में मदद करना व रामायण में निहित मानवीय मूल्यों के संदेश को बढ़ावा देना रहा। अधिवेशन के दौरान आईएसआईएम के विद्यार्थियों ने प्रभु श्रीराम से जुड़े कुछ अहम पहलुओं की झांकियों को सांस्कृतिक रूप में प्रस्तुत किया। अधिवेशन में यूएसए समेत गुजरात, उत्तरप्रदेश, राजस्थान आदि स्थानों से 13 वर्ष के आयु से लेकर 80 वर्ष तक की आयु वर्ग के विभिन्न प्रतिभागियों ने उत्साह से हिस्सा लिया। सभी शोधार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। संस्थान के चेयरपर्सन डॉ. अशोक गुप्ता ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

## ग्राम पंचायत भारजा
तहसील आबूरोड, जिला सिरोही

रंगों का महापर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं

आपका मत आपका अधिकार
- 100 प्रतिशत मतदान करें एवं एक नया इतिहास रचों।
- लोकतंत्र में भागीदारी हम सबकी जिम्मेदारी।
- सबसे बड़े लोकतंत्र में भागीदारी निभायें।
- मतदान दिवस को उत्सव के रूप में मनायें।
- किसी भी प्रकार के लोभ, लालच बहकावें न आवें।

पुखराज प्रजापत, सरपंच, ग्राम पंचायत भारजा | रघुनाथ देवासी, उपसरपंच | महेन्द्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत भारजा

समस्त वार्ड एवं ग्रामवासी, भारजा

## ग्राम पंचायत जनापुर
तहसील आबूरोड, जिला सिरोही

रंगों का महापर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं

आपका मत आपका अधिकार
- 100 प्रतिशत मतदान करें एवं एक नया इतिहास रचों।
- लोकतंत्र में भागीदारी हम सबकी जिम्मेदारी।
- सबसे बड़े लोकतंत्र में भागीदारी निभायें।
- मतदान दिवस को उत्सव के रूप में मनायें।
- किसी भी प्रकार के लोभ, लालच बहकावें न आवें।

लतादेवी रावल, सरपंच, ग्राम पंचायत जनापुर | सुमित्रा कँवर, उपसरपंच | दिनेश कुमार, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत जनापुर

समस्त वार्ड एवं ग्रामवासी, जनापुर

## ग्राम पंचायत आदर्श
तहसील आबूरोड, जिला सिरोही

रंगों का महापर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं

आपका मत आपका अधिकार
- 100 प्रतिशत मतदान करें एवं एक नया इतिहास रचों।
- लोकतंत्र में भागीदारी हम सबकी जिम्मेदारी।
- सबसे बड़े लोकतंत्र में भागीदारी निभायें।
- मतदान दिवस को उत्सव के रूप में मनायें।
- किसी भी प्रकार के लोभ, लालच बहकावें न आवें।

गुड़िया देवी, सरपंच, ग्राम पंचायत आदर्श | पवनी देवी, उपसरपंच | राहुल धनकड़, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत आदर्श

समस्त वार्ड एवं ग्रामवासी, आदर्श

## ग्राम पंचायत अचपुरा
तहसील आबूरोड, जिला सिरोही

रंगों का महापर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं

आपका मत आपका अधिकार
- 100 प्रतिशत मतदान करें एवं एक नया इतिहास रचों।
- लोकतंत्र में भागीदारी हम सबकी जिम्मेदारी।
- सबसे बड़े लोकतंत्र में भागीदारी निभायें।
- मतदान दिवस को उत्सव के रूप में मनायें।
- किसी भी प्रकार के लोभ, लालच बहकावें न आवें।

बालकी देवी, सरपंच, ग्राम पंचायत अचपुरा | हड़मत सिंह, उपसरपंच | भरत कुमार, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अचपुरा

समस्त वार्ड एवं ग्रामवासी, अचपुरा

## ग्राम पंचायत भीमाणा
तहसील आबूरोड, जिला सिरोही

रंगों का महापर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं

आपका मत आपका अधिकार
- 100 प्रतिशत मतदान करें एवं एक नया इतिहास रचों।
- लोकतंत्र में भागीदारी हम सबकी जिम्मेदारी।
- सबसे बड़े लोकतंत्र में भागीदारी निभायें।
- मतदान दिवस को उत्सव के रूप में मनायें।
- किसी भी प्रकार के लोभ, लालच बहकावें न आवें।

हेमेन्द्र सिंह देवड़ा, सरपंच, ग्राम पंचायत भीमाणा | रामलाल मेघवाल, उपसरपंच | यशवंत सिंह, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत भीमाणा

समस्त वार्ड एवं ग्रामवासी, भीमाणा

## ग्राम पंचायत रोहिड़ा
तहसील आबूरोड, जिला सिरोही

रंगों का महापर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं

आपका मत आपका अधिकार
- 100 प्रतिशत मतदान करें एवं एक नया इतिहास रचों।
- लोकतंत्र में भागीदारी हम सबकी जिम्मेदारी।
- सबसे बड़े लोकतंत्र में भागीदारी निभायें।
- मतदान दिवस को उत्सव के रूप में मनायें।
- किसी भी प्रकार के लोभ, लालच बहकावें न आवें।

पवन राठौड़, सरपंच, ग्राम पंचायत रोहिड़ा | भारत शंकर, उपसरपंच | सुरेश राज, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रोहिड़ा

समस्त वार्ड एवं ग्रामवासी, रोहिड़ा

## ग्राम पंचायत वालोरिया
तहसील आबूरोड, जिला सिरोही

रंगों का महापर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं

आपका मत आपका अधिकार
- 100 प्रतिशत मतदान करें एवं एक नया इतिहास रचों।
- लोकतंत्र में भागीदारी हम सबकी जिम्मेदारी।
- सबसे बड़े लोकतंत्र में भागीदारी निभायें।
- मतदान दिवस को उत्सव के रूप में मनायें।
- किसी भी प्रकार के लोभ, लालच बहकावें न आवें।

जानकी राम, सरपंच, ग्राम पंचायत वालोरिया | निर्मल कुमार, उपसरपंच | दलपत कुमार, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत वालोरिया

समस्त वार्ड एवं ग्रामवासी, वालोरिया

## ग्राम पंचायत नया सानवाड़ा
तहसील आबूरोड, जिला सिरोही

रंगों का महापर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं

आपका मत आपका अधिकार
- 100 प्रतिशत मतदान करें एवं एक नया इतिहास रचों।
- लोकतंत्र में भागीदारी हम सबकी जिम्मेदारी।
- सबसे बड़े लोकतंत्र में भागीदारी निभायें।
- मतदान दिवस को उत्सव के रूप में मनायें।
- किसी भी प्रकार के लोभ, लालच बहकावें न आवें।

अलका रावल, सरपंच, ग्राम पंचायत नया सानवाड़ा | कालूराम देवासी, उपसरपंच | नेनाराम लौहार, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत नया सानवाड़ा

समस्त वार्ड एवं ग्रामवासी, नया सानवाड़ा

## ग्राम पंचायत सिवेरा
तहसील आबूरोड, जिला सिरोही

रंगों का महापर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं

आपका मत आपका अधिकार
- 100 प्रतिशत मतदान करें एवं एक नया इतिहास रचों।
- लोकतंत्र में भागीदारी हम सबकी जिम्मेदारी।
- सबसे बड़े लोकतंत्र में भागीदारी निभायें।
- मतदान दिवस को उत्सव के रूप में मनायें।
- किसी भी प्रकार के लोभ, लालच बहकावें न आवें।

कन्हैया लाल, सरपंच, ग्राम पंचायत सिवेरा | मौकाराम मीणा, उपसरपंच | विक्रम सिंह, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सिवेरा

समस्त वार्ड एवं ग्रामवासी, सिवेरा

## ग्राम पंचायत लौटाना
तहसील आबूरोड, जिला सिरोही

रंगों का महापर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं

आपका मत आपका अधिकार
- 100 प्रतिशत मतदान करें एवं एक नया इतिहास रचों।
- लोकतंत्र में भागीदारी हम सबकी जिम्मेदारी।
- सबसे बड़े लोकतंत्र में भागीदारी निभायें।
- मतदान दिवस को उत्सव के रूप में मनायें।
- किसी भी प्रकार के लोभ, लालच बहकावें न आवें।

नवाराम गरासियां, सरपंच, ग्राम पंचायत लौटाना | काली देवी, उपसरपंच | जयकरण गादारा, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत लौटाना

समस्त वार्ड एवं ग्रामवासी, लौटाना

## ग्राम पंचायत माण्डवाड़ा खालसा
तहसील आबूरोड, जिला सिरोही

रंगों का महापर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं

आपका मत आपका अधिकार
- 100 प्रतिशत मतदान करें एवं एक नया इतिहास रचों।
- लोकतंत्र में भागीदारी हम सबकी जिम्मेदारी।
- सबसे बड़े लोकतंत्र में भागीदारी निभायें।
- मतदान दिवस को उत्सव के रूप में मनायें।
- किसी भी प्रकार के लोभ, लालच बहकावें न आवें।

शारदा देवी गरासिया, सरपंच, ग्राम पंचायत माण्डवाड़ा खालसा | पीरा राम देवासी, उपसरपंच | पंकज कुमार मीणा, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत माण्डवाड़ा खालसा

समस्त वार्ड एवं ग्रामवासी, माण्डवाड़ा खालसा

## ग्राम पंचायत बसंतगढ़
तहसील आबूरोड, जिला सिरोही

रंगों का महापर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं

आपका मत आपका अधिकार
- 100 प्रतिशत मतदान करें एवं एक नया इतिहास रचों।
- लोकतंत्र में भागीदारी हम सबकी जिम्मेदारी।
- सबसे बड़े लोकतंत्र में भागीदारी निभायें।
- मतदान दिवस को उत्सव के रूप में मनायें।
- किसी भी प्रकार के लोभ, लालच बहकावें न आवें।

भीखाराम गरासिया, सरपंच, ग्राम पंचायत बसंतगढ़ | गोवर्धन सिंह, उपसरपंच | प्रभु दाना, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत बसंतगढ़

समस्त वार्ड एवं ग्रामवासी, बसंतगढ़


# बीजेपी ने जारी की उम्मीदवारों की छठी सूची, इन 2 राज्यों से दिए टिकट

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपनी छठी लिस्ट जारी कर दी। इस लिस्ट में राजस्थान और मणिपुर के उम्मीदवारों के नाम हैं। इससे पहले रविवार को भारतीय जनता पार्टी ने अपनी पांचवीं लिस्ट जारी की थी। इस सूची में यूपी-बिहार समेत तमाम अन्य राज्यों के उम्मीदवारों के नाम थे। पांचवी सूची में अभिनेत्री कंगना रनौत को बीजेपी ने हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से उम्मीदवार बनाया, जबकि यूपी की पीलीभीत सीट से वरुण गांधी का टिकट कट गया है। उनकी जगह जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा, कुरुक्षेत्र सीट से कुछ देर पहले बीजेपी ज्वाइन करने वाले नवीन जिंदल को उतारा गया है। पांचवी लिस्ट में भारतीय जनता पार्टी ने 111 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी।

पार्टी ने राजस्थान के करौली-धौलपुर से वर्तमान सांसद मनोज राजोरिया का टिकट काटकर इंदु देवी जाटव को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, दौसा से मीना जसकौर का टिकट काटकर कन्हैया लाल मीणा को उम्मीदवार घोषित किया है। इसके अलावा, इनर मणिपुर सीट से थौनाओजम बसंद कुमार सिंह भाजपा के प्रत्याशी होंगे। बता दें कि रविवार को भाजपा ने लोकसभा चुनाव की 5वीं सूची जारी की थी। इसमें 17 राज्यों की 111 सीटों के उम्मीदवार घोषित किए गए। इस सूची में पश्चिम बंगाल की 19, ओडिशा की 18, बिहार की 17 सीटों, उत्तर प्रदेश की 13, राजस्थान की 7, आंध्र प्रदेश व गुजरात की 6-6, हरियाणा, कर्नाटक व केरल की 4-4, हिमाचल प्रदेश व तेलंगाना की 2-2, झारखंड- महाराष्ट्र की 3-3, गोवा, सिक्किम-मिजोरम की 1-1 सीट के उम्मीदवार शामिल हैं।

# अंग्रेजी की किताब के कवर पर ब्रिटेन का राष्ट्रीय ध्वज प्रकाशित, तिरंगा गायब देख भड़के दिलावर

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोटा।** राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उदयपुर की ओर से हाल ही में कक्षा 9वीं की इंग्लिश रिमेडायल वर्कबुक्स के प्रकाशन को लेकर सख्त आपत्ति की है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पुस्तक के कवर पेज पर ब्रिटेन के राष्ट्रीय झंडा लगाने का क्या औचित्य है और भारत का झंडा नदारद क्यों है? यहीं नहीं शिक्षा सत्र समाप्त होने के बाद इस पुस्तक का प्रकाशन किन अधिकारियों की सहमति से हुआ है? उन पर कार्रवाई करें। शिक्षा मंत्री की सख्त आपत्ति के बाद माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी को जांच के निर्देश दिए हैं।

शिक्षा मंत्री दिलावर ने कहा कि शैक्षिक सत्र समाप्त होने पर इस पुस्तक को छपवाने का औचित्य क्या था? जबकि अब बच्चे इसका उपयोग ही नहीं कर पाएंगे। पुस्तक के कवर पृष्ठ पर ब्रिटेन का राष्ट्रीय ध्वज छपा है और भारत का राष्ट्रीय ध्वज नहीं है, जो कि घोर आपत्तिजनक है। दिलावर ने कहा कि किस स्तर पर इस पुस्तक के प्रकाशन का निर्णय हुआ। इसकी जांच की जाएगी और दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# जरूरतमंद विद्यार्थियों के शैक्षिक सहयोग के लिए समर्पण संस्था ने शुरू किया शिक्षा दान महाअभियान

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए समर्पित समर्पण संस्था की ओर से होली मिलन बैठक में शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए शिक्षा दान महाअभियान शुरू किया गया। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या ने बताया कि इसके साथ ही जरूरतमंद विद्यार्थियों लिए आवेदन पत्र भी जारी किये हैं। शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए 10 वां शैक्षिक सहयोग एवं एज्युकेशनल एम्बेसेडर अधिवेशन "शिक्षा दान महोत्सव" सात जुलाई को आयोजित किया जायेगा। इसके लिए जरूरतमंद विद्यार्थी निर्धारित आवेदन पत्र में 10 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं । इसी तरह फण्ड एकत्र करने के लिए एज्युकेशनल ब्रांड एम्बेसेडर/ एज्युकेशनल एम्बेसेडर / शैक्षिक सहयोगी नियुक्त करने लिए भी निर्धारित सहयोग राशि के साथ आवेदन आमन्त्रित किये गये हैं । इस शिक्षा दान महाअभियान में अधिक से अधिक दानदाताओं को जोड़ा जायेगा। डॉ. माल्या ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में संस्था द्वारा किये गये कार्यक्रमों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया ।

## ग्राम पंचायत निचलागढ़
तहसील आबूरोड, जिला सिरोही
रंगों का महापर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
आपका मत आपका अधिकार
» 100 प्रतिशत मतदान करें एवं एक नया इतिहास रचें।
» लोकतंत्र में भागीदारी हम सबकी जिम्मेदारी।
» सबसे बड़े लोकतंत्र में भागीदारी निभायें।
» मतदान दिवस को उत्सव के रूप में मनायें।
» किसी भी प्रकार के लोभ, लालच बहकावें न आवें।
रेखा कुमारी, सरपंच, ग्राम पंचायत निचलागढ़
रामदास पाल, उपसरपंच
लाल राम, एलडीसी, ग्राम पंचायत निचलागढ़
समस्त वार्ड एवं ग्रामवासी, निचलागढ़

## ग्राम पंचायत खड़ात
तहसील आबूरोड, जिला सिरोही
रंगों का महापर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
आपका मत आपका अधिकार
» 100 प्रतिशत मतदान करें एवं एक नया इतिहास रचें।
» लोकतंत्र में भागीदारी हम सबकी जिम्मेदारी।
» सबसे बड़े लोकतंत्र में भागीदारी निभायें।
» मतदान दिवस को उत्सव के रूप में मनायें।
» किसी भी प्रकार के लोभ, लालच बहकावें न आवें।
केसरी बाई, सरपंच, ग्राम पंचायत खड़ात
गीता देवी, उपसरपंच
ऋषि सैनी, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत खड़ात
भावाराम कनिष्ठ लिपिक समस्त वार्ड एवं ग्रामवासी, खड़ात

## ग्राम पंचायत उमरणी
तहसील आबूरोड, जिला सिरोही
रंगों का महापर्व होली की हार्दिक शुभकामनाएं
आपका मत आपका अधिकार
